डॉ. एस. सिद्धार्थ, भा.प्र.से.
प्रधान सचिव
वित्त विभाग
बिहार सरकार

पुराना सचिवालय, पटना - 800 015
फोन : +91-612-2215805 (कार्या.)
फैक्स : +91-612-2217694
ई-मेल : finsecy-bih@nic.in

पत्रांक- एम04-09/2014/वि0 8146

प्रधान सचिव, कृषि कोषांग
06 NOV 2018
8117
बिहार, पटना

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/
सभी विभागाध्यक्ष/निदेशक
बिहार, पटना ।

पटना-15, दिनांक 05-11-18

विषय :- विभागीय शिथिलीकरण अनुरोध के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं लंबित डी.सी. बिल के रहते हुए शिथिलीकरण किया जाना वित्तीय अनुशासन सिद्धांत के विपरीत है । ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा शिथिलीकरण प्रस्ताव अपरिहार्य परिस्थति में ही वित्त विभाग को प्राप्त होना चाहिए ।

प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि प्रशासी विभागों द्वारा विभागीय शिथिलीकरण प्रस्ताव के साथ पूर्व के वर्षों का वर्षवार लंबित यू.सी./लंबित डी.सी. विवरणी संचिका में संधारित नहीं किया जाता है और न ही प्रस्ताव में उस विशेष परिस्थिति का उल्लेख रहता है जिसके तहत वित्त विभाग से शिथिलीकरण आदेश की अपेक्षा की जाती है । इसके अतिरिक्त जिन शर्तों के साथ वित्त विभाग द्वारा, पूर्व में शिथिलीकरण आदेश निर्गत किया गया है, का अनुपालन की स्थिति भी स्पष्ट नहीं की जाती है ।

अतएव अनुरोध है कि वित्तीय अनुशासन को बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि बिहार वित्त नियमावली/बिहार कोषागार संहिता एवं उसके अधीन निर्गत पत्र/परिपत्रों के आलोक में ससमय यू.सी./डी.सी. बिल का सामंजन, महालेखाकार कार्यालय से ससमय कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । साथ ही साथ जिन शर्तों के अधीन शिथिलीकरण आदेश वित्त विभाग द्वारा पूर्व में दिया गया है, का अनुपालन की समीक्षा विभाग द्वारा दृढ़ता के साथ किया जाए ताकि शिथिलीकरण आदेश प्राप्त करने की स्थिति बार-बार उत्पन्न न हो ।

विश्वासभाजन

5/11/2018
(डॉ0 एस0 सिद्धार्थ)

बिहार सरकार
कृषि विभाग

ज्ञापांक–3 / कृ०–बजट–विविध–03 / 2018 152 / कृ०, पटना, दिनांकः – 11/01/ 2019

Fax/Mail

प्रतिलिपि :–कृषि निदेशक, बिहार पटना / निदेशक, उद्यान, बिहार, पटना / निदेशक भूमि संरक्षण, बिहार, पटना / निदेशक, बामेति / निदेशक पी०पी०एम० / सभी योजनाओं के नोडल पदाधिकारी / नियंत्रक BAU/ नियंत्रक RAU/ सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) / सभी जिला कृषि पदाधिकारी को वित्त विभाग का पत्रांकः–एम०04–09 / 2014 / वि०–8146 दिनांक–05.11.2018 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

(प्रभु राम) 11/1/19

निदेशक प्रशासन–सह–अपर सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 152 / कृ०, पटना, दिनांकः – 11/01/ 2019

प्रतिलिपि :– उप निदेशक (शष्य) सूचना / आई–टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारी को ई–मेल भेजने हेतु प्रेषित।

2. प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10/1/19

निदेशक प्रशासन–सह–अपर सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

D:\year -2014\feb 2015\22-10-2014.docx